21/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज गयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान द ऑर्डर ऑफ एक्सिलेंस से सम्मानित किया गया। गयाना के राष्ट्रपति डॉक्टर इरफान अली ने गयाना स्टेट हाउस में श्री मोदी को यह सम्मान प्रदान किया। श्री मोदी ने इस सम्मान को भारत की जनता और दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि गयाना कि उनकी सरकारी यात्रा दोनों देशों की मैत्री को प्रगाढ करने की प्रतिबद्धता का परिचायक है। श्री मोदी ने कहा कि भारत गयाना के साथ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर काम करने को तैयार है।

0000000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने आज घोषणा की है कि कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं पंद्रह फरवरी दो हजार पच्चीस से शुरू होंगी। कक्षा दस की परीक्षाएं अट्ठारह मार्च को समाप्त होंगी और कक्षा बारह की परीक्षाएं चार अप्रैल को समाप्त होंगी। सीबीएसई ने कहा कि ये ध्यान रखा गया है कि आम तौर पर एक ही छात्र दिए जाने वाले विषयों की परीक्षाओं के बीच पर्याप्त अंतराल हो। पहली बार, सीबीएसई ने परीक्षाओं से लगभग छियासी दिन पहले तिथियां जारी की है। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार है। सीबीएसई ने कहा, कक्षा बारह के छात्रों के लिए परीक्षा तिथियां विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई हैं।

0000000000000000000000

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आईएफएफआई का पचपनवां संस्करण कल एक भव्य उद्‌घाटन समारोह के साथ गोवा में शुरू हुआ। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में सितारों से सजे एक समारोह में उत्सव की शुरुआत हुई जो इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक चलेगा। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड सितारों की शानदार प्रस्तुतियां देखी गईं और इसमें 90's के दशक की पुरानी यादें भी शामिल थीं। टाइमलेस सोल्स, दृश्य, कविता और संगीत के माध्यम से राजकपूर और मोहम्मद रफ़ी जैसे दिग्गजों को श्रद्धांजलि भी दी गई जो दिन के प्रमुख आकर्षणों में से एक थी।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है। गोवा में कल पचपनवे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-इफ्फी के उद्‌घाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ वेव्स का उद्देश्य आधुनिक डिजिटल रुझानों को अपनाते हुए पुरानी यादों को ताज़ा करना है। वेव्स में रामायण, महाभारत, शक्तिमान और हम लोग जैसे कालजयी शो शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत से जोड़ेगा। वेव्स प्लेटफार्म में समाचार, वृतचित्र और क्षेत्रीय कार्यक्रम शामिल हैं। यह कार्यक्रम समावेशिता और विविधता को बढावा देंगे। वेव्स में बारह से अधिक भाषाओं और दस से अधिक शैलियों में निर्मित कार्यक्रमों के साथ सभी श्रोताओं को सेवाएं प्रदान करेगा। इसकी विशाल लाइब्रेरी में दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित सजीव चैनलों के साथ क्षेत्रीय कार्यक्रम, महिला केन्द्रित कार्यक्रम और एनीमेशन कार्यक्रम भी शामिल है।

0000000000000000000000

श्री के. संजय मूर्ति ने नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के रूप में शपथ ली है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। श्री मूर्ति ने श्री गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लिया है जिन्हें अगस्त दो हजार बीस में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे पहले, श्री मूर्ति ने शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के रूप में कार्य किया था।

000000000000000000000

कोलकाता स्थित यू एस कंसूल जनरल सुश्री कैथी जाईल्स-डियाज ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल के. टी. परनायक से सौजन्य भेंट की। इस बातचीत में उन्होंने आपसी हितों और सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि अमेरिका-भारत के बेहतर संबंधों के साथ, राज्य के लोग दो सबसे बड़े और सबसे पुराने लोकतंत्रों के लोगों के बीच मजबूत और स्वस्थ संबंधों की आशा करते हैं, जिसमें अरुणाचल प्रदेश के जनजातियों के लिए विशेष प्रावधान शामिल हैं।

0000000000000000000000000

पापुम पारे जिला प्रशासन और जिला महिला एवं बाल विकास विभाग ने संयुक्त रूप से बुधवार को केंद्रीय विद्‌यालय - 2 में ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ योजना के तहत बाल अधिकार दिवस मनाया। जिला उपायुक्त तालो पोतोम ने प्रेरक अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें बताया कि परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ता से कैसे सफलता मिल सकती है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों द्‌वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले लाभों का लाभ उठाने की सलाह दी।

ICDS की उपनिदेशक जया ताबा ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना को बालिकाओं को बचाने, शिक्षित करने और सशक्त बनाने के लिए केंद्र द्वारा शुरू किया गया था, ताकि वे एक संतुलित समाज का निर्माण करने के लिए पर्याप्त मजबूत बन सकें। कार्यक्रम में मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण शिक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, पोक्सो और घरेलू हिंसा अधिनियम से अवगत कराया गया।

000000000000000000000

ICAR - CITH क्षेत्रीय स्टेशन दिरांग ने कृषि विज्ञान केंद्र तवांग के सहयोग से कल से शुरू होकर तवांग जिले के विभिन्न गांवों में आज समाप्त हुए प्रशिक्षण-सह-वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम में तीस किसानों ने सक्रिय भागीदारी की। इसका उद्देश्य क्षेत्र में टिकाऊ सब्जी की खेती को बढ़ावा देना, किसानों को उनकी उत्पादकता में सुधार के लिए ज्ञान और संसाधनों से सशक्त बनाना था।

000000000000000000000